## खास-खबरें

### दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में 32वां विद्यालयीन मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के 32वें विद्यालयीन मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला सीहोर (म.प्र.) की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत एवं मार्च पास्ट से हुआ। नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं, हाउस कैप्टन, एनसीसी, जूनियर रेड क्रॉस, स्काउट एवं गाइड तथा बैंड ग्रुप ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने सीनियर एवं जूनियर कैबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं बैज प्रदान किए। मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे के भीतर एक लीडर होता है। विद्यार्थियों को सदैव आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए और जीवन की चुनौतियों का मजबूती एवं धैर्य के साथ सामना करना चाहिए। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों को नेतृत्व के साथ विनम्रता, टीम भावना एवं जिम्मेदारी को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों एवं आचरण से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

### नीलकंठेश्वर धाम में शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** सावन माह के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने शनिवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का दौरा कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होंने नीलकंठेश्वर धाम महादेव मंदिर पाटन में आयोजित शिवलिंग निर्माण एवं जय महाकाल पूजा कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने धार्मिक आयोजनों के महत्व पर चर्चा करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में गैरतगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज पठया, भाजपा मंडल प्रभारी डिंपल पटेल, वरिष्ठ नेता हरिनारायण धाकड़, मोहित तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बटर एवं व्हाइट ग्रेवी के नमूने जाँच के लिए लिए गए



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा आर्य फूड-बापू की कुटिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान की खाद्य अनुज्ञप्ति वैध पाई गई तथा खाद्य सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती किरण एम. श्रीवास्तव द्वारा प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बटर (रोटी में लगाने हेतु) एवं व्हाइट ग्रेवी के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। दोनों नमूनों को आवश्यक परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने छात्राओं से किया संवाद, उनके साथ बैठकर किया मध्यान्ह भोजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को बेगमगंज विकासखंड के सुल्तानपुर कलस्टर में आयोजित शिविर के दौरान कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर छात्राओं से संवाद किया। कलेक्टर ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं से संवाद के बाद कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और अन्य अधिकारियों ने छात्राओं के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखें ।

## कांवड़ यात्राः 3 दिन ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

# आज से 1200 जवानों के साये में रहेगा इंदौर-भोपाल हाईवे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में मंगलवार को निकलने वाली भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर इस बार प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा का पुख्ता और अभेद्य प्लान तैयार किया है। सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक निकलने वाली इस यात्रा में उमडने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूरे इंदौर-भोपाल हाईवे को सुरक्षा छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आज से लगातार तीन दिनों तक हाईवे पर 1200 पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। साथ ही आम वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए 23 अगस्त की सुबह 6 बजे से 25 अगस्त की देर रात 12 बजे तक व्यापक ट्रैफिक डायवर्शन लागू कर दिया गया है।

भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए जिले के 400 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा बाहर से 800 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, विदिशा के साथ-साथ विशेष सशस्त्र बल एसएफ और बटालियन की टुकड़ियां शामिल हैं। सुरक्षा बल न केवल हाईवे और डायवर्शन रूट पर तैनात रहेगा, बल्कि कांवड़ यात्रा मार्ग, चौराहे और संवेदनशील पॉइंट पर चौबीसों घंटे निगरानी रखेगा।

**बेरिकेड्स के अंदर चल रहे कांवड़िएः** बता दें यूं तो पूरे सावन के महीने ही देश भर से कांवडियों के आने का सिलसिला बना हुआ है। इंदौर-भोपाल हाईवे पर संभावित दुर्घटना से बचने के लए प्रशासन ने चौपाल सागर से कुबेरेश्वर धाम तक के मार्ग पर बेरीकेडिंग कर दी है, सभी कांवड़िए बेरीकेडिंग के अंदर ही चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि 24 अगस्त से यह बेरीकेडिंग हटा दी जाएगी, जबकि मार्ग डायवर्ट होने से पूरे मार्ग पर ही कांवड़िए चल सकेंगे।

**आज से तैनात होगा अमलाः** भव्य कांवड़ यात्रा के लिए आज सुबह 6 बजे से मार्ग डायवर्ट रहेगा, जबकि पुलिस जवानों की भी पाइंटों पर तैनात की जाएगी। आयोजन के लिए जिले से 400 पुलिस जवानों का बल, जबकि 800 का बल बाहर से आया है।

**डॉ. प्रशांत चौबे,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर

#### 23 से 25 अगस्त तक लागू रहेगा डायवर्शन

- भोपाल से देवास-इंदौर जाने वालेः मुबारकपुर जोड़ परवलिया एवं तुमड़ा जोड़ खजूरी से डायवर्ट होकर श्यामपुर, कुरावर, ब्यावरा, शाजापुर और मक्सी होकर देवास-इंदौर जाएंगे।
- इंदौर-देवास से भोपाल जाने वालेः मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, कुरावर, श्यामपुर होते हुए भोपाल पहुंचेंगे।
- कन्नौद-खातेगांव क्षेत्र सेः आष्टा, शुजालपुर, पचोर होते हुए ब्यावरा जाएंगे।
- होशंगाबाद, रेहटी, भैरूंदा से इंदौरः गोपालपुर, कन्नौद और आष्टा मार्ग से जा सकेंगे।

**छोटे व सवारी वाहनों का वैकल्पिक मार्ग**

- भोपाल से इंदौर/उज्जैन जाने वालेः सीहोर न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ होकर अमलाहा मार्ग से आगे निकलेंगे।
- इंदौर/उज्जैन से भोपाल जाने वालेः आष्टा, अमलाहा, भाऊखेड़ी जोड़ और न्यू क्रिसेंट चौराहा होकर भोपाल पहुंचेंगे।

#### बीते साल हुए हादसों से लिया सबक

बता दें पिछले वर्ष कांवड़ यात्रा और धाम के आयोजनों के दौरान अव्यवस्थाओं के कारण 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। इसमें कांवड़ यात्रा से ठीक एक दिन पहले रुद्राक्ष वितरण काउंटर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई थी, जिसके बाद अगले तीन दिनों तक मौतों का सिलसिला चलता रहा। इसके अलावा कई-कई किलोमीटर लंबा महाजाम लगा था। इस बार ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बाहर से भी अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है।

### दूध उत्पादक किसानों की हड़ताल का असर, डेयरियों पर नहीं पहुंचा दूध



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** दूध के उचित भाव की मांग को लेकर दूध उत्पादक किसानों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर शनिवार को भैरूंदा तहसील क्षेत्र में दिखाई दिया। किसानों द्वारा दूध की आपूर्ति रोकने से ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर तक कई दूध डेयरियों पर दूध नहीं पहुंचा। रोजाना मिलने वाला ताजा दूध उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए दूध की व्यवस्था करना परिवारों के लिए चुनौती बना रहा।

दूध उत्पादक किसानों का कहना है कि पशु आहार, हरा-सूखा चारा, दवाइयों और पशुओं के रखरखाव की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि दूध का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। किसानों ने खरीद भाव बढ़ाने और फैट के आधार पर बेहतर भुगतान की मांग की है।

**डेयरियों पर नहीं पहुंचा दूधः** हड़ताल के कारण शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों से दूध की आवक पूरी तरह प्रभावित रही। स्थानीय डेयरियों पर सामान्य दिनों की तुलना में सन्नाटा रहा। इससे आसपास के किसानों से रोजाना ताजा दूध खरीदने वाले परिवारों को परेशानी हुई। कई लोगों ने अमूल, सांची सहित अन्य कंपनियों के पैकेट वाले दूध का सहारा लिया, जबकि कुछ परिवारों ने दूध पाउडर का उपयोग किया।

**बच्चों के लिए पैकेट वाला दूध खरीदाः** स्थानीय दूध की आपूर्ति बंद होने का असर छोटे बच्चों वाले परिवारों पर अधिक दिखाई दिया। सुबह दूध की तलाश में लोग डेयरियों और दुकानों पर पहुंचे, लेकिन ताजा दूध नहीं मिलने पर पैकेट वाला दूध खरीदना पड़ा। कई स्थानों पर पैकेट दूध की मांग भी बढ़ी।

**प्रशासन को दी लिखित सूचनाः** दूध उत्पादक किसानों ने शनिवार को एसडीएम और थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने की सूचना दी। किसानों ने कहा कि उचित भाव मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों के अनुसार वर्तमान में दूध का खरीद भाव करीब 50 से 55 रुपये प्रति लीटर है, जो बढ़ती उत्पादन लागत की तुलना में पर्याप्त नहीं है। हड़ताल के कारण अब दूध की आपूर्ति प्रभावित होने से इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने लगा है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मिले कांग्रेस नेता, संगठनात्मक विषयों पर चर्चा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश सुहाने के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दतिया चुनाव में पार्टी की जीत पर पटवारी को बधाई दी।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की जा रही संगठनात्मक नियुक्तियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं ने जिले में संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश सुहाने ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर प्रदेश नेतृत्व के साथ समन्वय बनाए रखने की बात कही। भेंट के दौरान कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### मांगरोल से बापौली धाम तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**बरेली।** ग्राम मांगरोल से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बापौली धाम तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। भगवान शिव की भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यात्रा का नेतृत्व परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने किया। मांगरोल से शुरू हुई कांवड़ यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बापौली धाम पहुंची। श्रद्धालु कांवड़ लेकर भक्ति भाव में लीन होकर आगे बढ़ते रहे। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने कांवड़ यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया।

जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ जलपान और प्रसादी की व्यवस्था की गई। इससे यात्रियों में उत्साह देखने को मिला। बापौली धाम पहुंचने के बाद संतों के सानिध्य में परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु राजोरिया सहित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन और अभिषेक किया।

## संभागायुक्त ने स्कूली बच्चों के साथ भोजन कर परखी गुणवत्ता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ ग्यारसपुर विकासखंड के ग्राम अटारी खेजड़ा स्थित प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

संभागायुक्त श्री शर्मा ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति सहित विद्यालय की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया गया। संभागायुक्त श्री शर्मा , कलेक्टर श्री गुप्ता ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और स्वयं भोजन की गुणवत्ता, स्वाद एवं व्यवस्था को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना के तहत बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली। संभागायुक्त श्री शर्मा ने कहा कि विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ पौष्टिक भोजन की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का उद्देश्य बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता और उपस्थिति को बढ़ावा देना है। इसलिए भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की टास्क मैनेजर श्रीमती कीर्ति चैहान ने योजना के मापदंडों और क्रियान्वयन तथा खाना बनाने वाले रसोईयों की शीडिग कार्यों की सामान्य जानकारी सांझा की इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर हर साल की तरह इस बार भी बहनों को देंगे रक्षाबंधन का उपहार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नगर पालिका के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। नगर पालिका के समीपस्थ पुरानी जेल परिसर में आगामी 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक विशेष रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर की बहनों से रक्षासूत्र बंधवाएंगे और उन्हें रक्षाबंधन पर्व का उपहार भी प्रदान करेंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में शहर के सभी वार्डों से बड़ी संख्या में बहनों के शामिल होने की संभावना है। रक्षाबंधन के इस विशेष आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी उत्साह का माहौल है।

**बहन-भाई के स्नेह और विश्वास का पर्व है रक्षाबंधनः**



नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों को रक्षाबंधन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने शहर के प्रत्येक वार्ड की अपनी बहनों से अपील की कि वे 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे के बीच पुरानी जेल परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर रक्षाबंधन समारोह में शामिल हों और इस पवित्र पर्व को उत्साह के साथ मनाएं।

**बहनों को दिया जाएगा विशेष उपहारः** समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बहनों से राखी बंधवाने के साथ उन्हें रक्षाबंधन का उपहार भी प्रदान किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर पालिका के अमले द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन में शहर के विभिन्न वार्डों से जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं नगर पालिका का अमला भी मौजूद रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर की बहन-बेटियों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन का यह आयोजन इसी आत्मीय रिश्ते और विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है।

### कुश्ती प्रतियोगिता में मानव कुशवाहा ने जीता स्वर्ण पदक

**गंजबासौदा।** सीहोर में आयोजित संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजीव मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभावान छात्र मानव कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। मानव ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। संस्था के संस्थापक डॉ. ए.के. जैन, संस्था सचिव मंजू जैन और प्राचार्य कविता अग्रवाल ने मानव कुशवाहा को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मानव की सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पूर्व विधायक पटेल का व्हाट्सएप हैक, परिचितों से मांगे रुपये



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल का व्हाट्सएप नंबर हैक कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके परिचितों और समर्थकों से रुपये मांगने का मामला सामने आया है।

बताया गया कि साइबर ठग ने दिनभर कई लोगों को संदेश भेजकर आर्थिक मदद के नाम पर राशि मांगी। कुछ लोगों द्वारा उसके बताए खाते में रुपये जमा किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस साइबर तकनीक की मदद से व्हाट्सएप हैक करने वाले आरोपी की पहचान और उसके तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पूर्व विधायक ने लोगों से अपील की है कि उनके नंबर से रुपये मांगने वाला कोई संदेश प्राप्त होने पर उस पर भरोसा न करें। किसी भी तरह का ऑनलाइन लेन-देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति से फोन पर बात कर पूरी जानकारी की पुष्टि करें।

ने कहा कि उनका व्हाट्सएप हैक कर लोगों से रुपये मांगे गए। जानकारी मिलते ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई और लोगों को सतर्क किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई जरूरी है। पुलिस ने भी नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध संदेशों पर प्रतिक्रिया देने या रुपये भेजने से पहले पूरी तरह सत्यापन करें और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## महाकाल मंदिर मार्ग पर यूडीए की कार्रवाई बेगमबाग में 16 मकानों पर चला बुलडोजर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** जिले में महाकाल मंदिर मार्ग स्थित बेगमबाग क्षेत्र में शनिवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने 16 मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण और महाकाल मंदिर के लिए बनाई जा रही टनल के रास्ते में बाधा बन रहे इन अवैध और लीज खत्म हो चुके मकानों को हटाया गया। हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद भारी पुलिस बल, पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से यह प्रशासनिक कार्रवाई पूरी की गई।

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) की टीम ने बेगमबाग क्षेत्र में महाकाल मंदिर मार्ग पर स्थित 16 मकानों को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। ये निर्माण कार्य हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण और मंदिर के लिए निर्माणाधीन टनल के मार्ग में मुख्य बाधा बने हुए थे।

शनिवार सुबह करीब 8 बजे जब बेगमबाग के निवासी घरों से बाहर निकले, तो पूरे इलाके में भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला, यूडीए और नगर निगम की पोकलेन व जेसीबी मशीनें तैनात मिलीं। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से मकानों को ढाए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बेगमबाग में उज्जैन विकास प्राधिकरण की यह अब तक की छठी बड़ी कार्रवाई है। इस दौरान यूडीए, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम के 50 से अधिक कर्मचारी तैनात रहे।

**स्पेशल खबर** ग्रामीणों से संवाद कर जानी व्यवस्थाओं की स्थिति, निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा

## एसडीएम-तहसीलदार ने स्कूल-आंगनवाड़ी और राशन दुकान का किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** मुख्यमंत्री जन संवाद अभियान के तहत शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर शासकीय योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम सुधीर कुशवाह और तहसीलदार सौरभ शर्मा ने आमला तहसील क्षेत्र के ग्राम ताजपुरा पहुंचकर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, उचित मूल्य की राशन दुकान सहित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने स्कूल में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की मौजूदगी और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए स्कूल प्रबंधन को व्यवस्थाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, सुविधाओं और नियमित गतिविधियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने केंद्र में दर्ज बच्चों की संख्या और उनकी उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

**राशन दुकान में स्टॉक का किया मिलानः** उचित मूल्य की राशन दुकान के निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर में दर्ज मात्रा का भौतिक स्टॉक से मिलान किया गया। अधिकारियों ने राशन वितरण प्रक्रिया की जानकारी लेने के साथ ग्रामीण हितग्राहियों से भी संवाद किया और पूछा कि उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है।

अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के निर्माणाधीन भवन और सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों से संवाद के दौरान सामने आई समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, पटवारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, निलेश सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।